प्रेषक,

ज्ञान प्रकाश–III
विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी,
संसदीय कार्य विभाग,
उ0प्र0शासन

सेवा में,

मा0 महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद
द्वारा– उचित माध्यम

अग्रसारित।
Kmwl
28.12.2022
(जे० पी० सिंह-II)
प्रमुख सचिव
संसदीय कार्य विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

विषयः– स्थानान्तरण न किये जाने के सम्बंध में

महोदय,

सादर विनम्रता पूर्वक निवेदन करना है कि प्रार्थी वर्ष 2009 से डायबिटिक पेशेंट है। दिनांक 03.01.2021 को प्रार्थी को हार्ट अटैक होने के फलस्वरूप मेदान्ता हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती होना पड़ा। जहॉ प्रार्थी का इलाज हुआ तथा एक स्टन्ट डाला गया है। दिनांक 03.01.2022 को प्रार्थी को पैरालाइसिस अटैक हुआ। जिससे प्रार्थी के शरीर के दाहिने भाग पर असर आया। प्रार्थी द्वारा आइकॉन हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती होकर अपना इलाज कराया गया। प्रार्थी का सहारा हॉस्पिटल लखनऊ में भी इलाज चल रहा है। प्रार्थी का उपरोक्त से सम्बन्धित इलाज अभी भी लखनऊ के मेदान्ता, आइकॉन एवं सहारा हॉस्पिटल से चल रहा है। समय–समय पर प्रार्थी को जॉच कराने एवं दवा हेतु उपरोक्त हॉस्पिटल में जाना पड़ता है। उपरोक्त चिकित्सा से सम्बन्धित प्रपत्र संलग्न हैं।

प्रार्थी अप्रैल, 2020 से वर्तमान पद पर जनपद लखनऊ में कार्यरत् है एवं दिनांक 31मई, 2023 को जनपद लखनऊ में तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होगी। जनपद लखनऊ से किसी अन्य जनपद में स्थानान्तरित होने पर प्रार्थी को अपनी चिकित्सा कराने में अत्यधिक असुविधा होगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी आपात स्थिति(इमरजेन्सी) होने पर प्रार्थी को तत्काल चिकित्सा मिल पाने में भी असुविधा होगी।

उपरोक्त कारणों से प्रार्थी का वर्तमान पद पर जनपद लखनऊ में रहना आवश्यक व सुविधाजनक है।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी का वर्ष 2023 में स्थानान्तरण न किये जाने एवं जनपद लखनऊ में वर्तमान पद पर कार्य करने की अनुमति दिये जाने हेतु मेरा प्रत्यावेदन माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की महती कृपा करें।

सादर

भवदीय,

27.12.2022

(ज्ञान प्रकाश–III)
विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी
संसदीय कार्य विभाग,
उ0प्र0शासन, लखनऊ

दिनॉकः– 27.12.2022
संलग्नकः–चिकित्सीय प्रपत्र

(ज्ञान प्रकाश III)
विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी
संसदीय कार्य विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।